अनुक्रमांक.....

नाम.....

मुद्रित पृष्ठों की संख्या: 4

135

328 (BP)

2025

गृह विज्ञान

(केवल बालिकाओं के लिए)

समय : तीन घण्टे 15 मिनट]

[पूर्णांक: 100

नोट - प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

निर्देश :(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

Bansalclasses.com

(ii) प्रश्न संख्या 1 से 4 तक बहुविकल्पी प्रश्न हैं। प्रश्न संख्या 5 से10 अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 25 शब्दों में देना हैं। प्रश्न संख्या 11 से 15 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 50 शब्दों में देना हैं। प्रश्न संख्या 16 से 18 तक विस्तृत उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 150 शब्दों में देना हैं।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के सम्मुख उनके निर्धारित अंक दिए गए हैं।

बहुविकल्पीय प्रश्न

1.(i) समाज में जेंडर-आधारित भेदभाव को समाप्त करने के लिए आवश्यक है- 1

(क) महिलाओं के घरेलू कार्यों का सही-सही मूल्यांकन

(ख) महिलाओं को घर के दायित्व से मुक्त करना

(ग) पुरुषों के अधिकारों में कटौती करना

(घ) कुछ भी नहीं किया जा सकता

gyanmanchclass.com

(ii) आहार एवं पोषण सम्बन्धी देखभाल में ध्यान रखने योग्य कारक है- 1

(क) व्यक्ति की आयु, जेन्डर, शारीरिक अवस्था, रोजगार या व्यवसाय तथा स्वास्थ्य की स्थिति

(ख) धर्म एवं भाषा

(ग) सामाजिक प्रतिष्ठा एवं धन-सम्पत्ति

(घ) किसी भी कारक का ध्यान रखना आवश्यक नहीं है

(iii) अरक्तता या एनीमिया का कारण है- 1

(क) कैल्सियम की कमी (ख) लौह तत्त्व या आयरन की कमी

(ग) वसा की कमी (घ) प्रोटीन तथा विटामिन 'डी' की कमी

(iv) शैशवावस्था की अवधि है- 1

(क) जन्म से लेकर तीन वर्ष तक (ख) जन्म से लेकर 6 माह तक

(ग) जन्म से लेकर चार वर्ष तक (घ) जन्म से लेकर दो वर्ष तक

ayansindhuclasses.com

(v) खाद्य सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली है- 1

(क) उत्तम निर्माण पद्धतियाँ (जी०एस०पी०)

(ख) उत्तम हस्तन पद्धतियाँ (जी०एच०पी०)

(ग) संकट विश्लेषण क्रांतिक नियन्त्रण बिन्दु (एच०ए०सी०सी०पी०)

(घ) उपर्युक्त सभी

2.(i) छोटे बच्चों की घर में देखभाल करने वालों की अनुपस्थिति में उनकी देखभाल करने की संस्था है-1

(क) क्रेच (ख) डे केयर सेंटर

(ग) (क) व (ख) दोनों (घ) इनमें से कोई नहीं

(ii) भारत में किशोरों के लिए न्याय का प्राथमिक विधिक ढाँचा है- 1

(क) किशोर न्याय अधिनियम-2000 (ख) भारतीय दण्ड-संहिता

(ग) बाल विकास सेवाएँ (घ) इनमें से कोई नहीं

gyansindhuclasses.com

(iii) उदासीन रंग है- 1

(क) काला (ख) सफेद (ग) (क) और (ख) दोनों (घ) नारंगी

(iv) वस्त्र-निर्माण के क्षेत्र में क्रान्ति आयी- 1

(क) रेशम के आविष्कार से (ख) कताई यन्त्र के आविष्कार से

(ग) सिलाई मशीन के आविष्कार से (घ) फैशन की होड़ से

(v) वस्त्रों की धुलाई, देखभाल एवं परिसज्जा के लिए आवश्यक उपकरण हैं- 1

(क) धुलाई के उपकरण (ख) सुखाने के उपकरण

(ग) प्रेस (इस्तरी) करने के उपकरण (घ) ये सभी उपकरण

3.(i) निम्न में से प्रमुख कार्यालय स्टाफ का सदस्य है- 1

(क) प्रमुख कार्यालय पर्यवेक्षक (ख) कार्यपालक गृह-अनुरक्षक

(ग) सहायक गृह-अनुरक्षक (घ) तल पर्यवेक्षक

gyansindhuclasses.com

(ii) जागरूक उपभोक्ता बनने के लिए आवश्यक है- 1

(क) धोखा खाना (ख) प्रायः बाजार में घूमना

(ग) उपभोक्ता शिक्षा प्राप्त करना (घ) धन खर्च करना

(iii) डेवलपमेंट कम्यूनिकेशन शब्द का प्रयोग सबसे पहले किसने किया? 1

(क) नोरा क्यूबाल ने (ख) डेल वॉटसन ने

(ग) पं० जवाहरलाल नेहरू ने (घ) लाल बहादुर शास्त्री ने

(iv) डेवलपमेंट कम्यूनिकेशन शब्द का प्रयोग सबसे पहले कब किया गया? 1

(क) 1957 में (ख) 1978 में (ग) 1972 में (घ) 1970 में

(v) किसी संगठन का महत्त्वपूर्ण प्रकार्य या गतिविधि है- 1

(क) जनसंपर्क (ख) निर्देशन (ग) परामर्श (घ) इनमें से कोई नहीं

gyanbhuclasses.com

4.(i) भारत ने अपने शिक्षा उपग्रह का प्रमोचन कब किया? 1

(क) अगस्त, 2003 में (ख) सितम्बर, 2004 में

(ग) जनवरी, 2001 में (घ) फरवरी, 2004 में

(ii) उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 ने निम्न में से किसकी जगह ली है? 1

(क) सी०पी०ए०, 1986 की (ख) सुरक्षा अधिनियम की

(ग) सूचना के अधिकार की (घ) इनमें से किसी की नहीं

(iii) किसी होटल के प्रबन्धन का केन्द्रबिन्दु माना जाता है- 1

(क) स्वागती को (ख) प्रमुख कार्यालय को

(ग) कोषागार को (घ) रसोईघर को

(iv) महिलाओं ने किस दशक से स्कर्ट (घाघरा) और ब्लाउज पहनने शुरू किए? 1

(क) 1990 (ख) 1940 (ग) 1980 (घ) 1930

gyansinhbuclasses.com

(v) पोषण तथा स्वास्थ्य का- 1

(क) परस्पर घनिष्ठ सम्बन्ध है।

(ख) कोई सम्बन्ध नहीं है।

(ग) केवल कुछ दशाओं में ही एक-दूसरे को प्रभावित करते हैं।

(घ) आपसी सम्बन्ध अस्पष्ट है।

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

5. (क) जीविका' से क्या आशय है? 1

(ख) पोषण तथा स्वास्थ्य में क्या सम्बन्ध है? 1

6. (क) आहार-चिकित्सा' के दो मुख्य उद्देश्य बताइए। 1

(ख) खाद्य-पदार्थों का खराब होना' पद को समझाइए। 1

7. (क) खाद्य संक्रमण से आप क्या समझती हैं? 1

gyansindhuclasses.com

(ख) कुछ बच्चे संवेदनशील क्यों बन जाते हैं? 1

8. (क) वक्र रेखा क्या है?

(ख) वस्त्रों की धुलाई मशीन के मुख्य प्रकार कौन-कौन से हैं तथा कौन-सी मशीन सबसे अधिक सुविधाजनक है? 1

9. (क) हॉलमार्क क्या है?

(ख) विकास संचार की एक विधि या माध्यम के रूप में मुद्रण माध्यम का अति संक्षिप्त परिचय दीजिए। 1

10. (क) विकास संचार की एक विधि या माध्यम के रूप में मुद्रण माध्यम का अति संक्षिप्त परिचय दीजिए। 1

(ख) सूचना और संचार प्रौद्योगिकी से क्या आशय है? 1

gyansindhuclasses.com

लघु उत्तरीय प्रश्न

11. रोगी को शिरा द्वारा दिए जाने वाले पोषण का क्या उददेश्य होता है? 4
12. टिप्पणी लिखिए-खाद्य-संसाधन की प्रक्रिया। 4
13. उन कौशलों को सूचीबद्ध कीजिए जो ई०सी०सी०ई० कार्यकर्ता में होने चाहिए। 4
14. रंग' से आप क्या समझती हैं? 4
15. अभियान क्या है? अपनी पसंद की समस्या पर अभियान के लिए एक नारा बनाइए। 4

विस्तृत उत्तरीय प्रश्न

16. खाद्य संरक्षण से क्या आशय है खाद्य संरक्षण के महत्व या आवश्यकता का विवरण प्रस्तुत करें? 6

अथवा

वृद्ध जनों के लिए चलाई जाने वाले दो कार्यक्रमों के बारे में बताइए

gyansindhuclasses.com

17.- निम्नलिखित शब्दों को समझाइए- 6

सुमदाय, कुपोषण का दोहरा भार

अथवा

रंग योजनाओं अथवा रंग सुमेलन से क्या समझते हैं?

18. जनसंपर्क कार्य के सिद्धांत क्या है 6

अथवा

फैशन डिजाइनर और व्यापार के क्षेत्र में जीविका बनाने वाले व्यक्ति के लिए योग्यता तथा तैयारी का विवरण दें

gyansindhuclasses.com